Total No. of Printed Pages—8

X/22/Hin

2 0 2 2

HINDI

(INDIAN LANGUAGE)

(FOR CANDIDATES WITH INTERNAL ASSESSMENT)

Full Marks : 80

Pass Marks : 24

(FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT)

Full Marks : 100

Pass Marks : 30

Time : 3 hours

(FOR ALL CATEGORIES OF CANDIDATES)

General Instructions :

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question are indicated against each.

(iii) Very short answer-type questions weightage of one (1) mark each requires answer in one word, one proverb or one sentence.

(iv) Short answer-type questions weightage of two (2) marks each requires answer under *50* words.

(v) Long answer-type—1 questions weightage of five (5) marks each requires answer under *100* words.

(vi) Long answer-type—2 questions weightage of seven (7) and eight (8) marks each requires answer under *150* words.

खण्ड–क

(गद्य–भाग)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर दीजिए : 1×4=4

(क) शिकारी के भय से मूर्ख शुतुरमुर्ग रेत में क्या छिपा लेता है?

(i) सिर

(ii) गरदन

(iii) शरीर

(iv) पैर

(ख) लेखक के पिता रामेश्वरम पंचायत बोर्ड के क्या चुन लिए गए?

(i) मेयर

(ii) प्रधान

(iii) अध्यक्ष

(iv) सचिव

(ग) बाबा भारती के घोड़े का नाम क्या था?

(i) सुलतान

(ii) पवन

(iii) चेतक

(iv) समीर

(घ) तिरुवल्लुवर के पिता भगवन किस जाति के थे?

(i) वैश्य

(ii) ब्राह्मण

(iii) शूद्र

(iv) क्षत्रिय

(ङ) लेखिका ने मोरनी का नाम क्या रखा?

(i) कुब्जा

(ii) चित्रा

(iii) नीलकंठ

(iv) राधा

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) लेखक के पिता ने लेखक की पिटाई क्यों की?

(ख) तोता के द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर मैना ने किस प्रकार एवं क्या दिया?

(ग) सुलतान को पाने के लिए खड्गसिंह ने क्या छल किया?

(घ) कुब्जा अपने नाम के अनुरूप किस प्रकार सिद्ध हुई?

(ङ) अंगारक वायु किसे कहते हैं? पेड़-पौधे उसे जीव-जंतुओं के लिए किस प्रकार शुद्ध करते हैं?

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग *100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''लोगों को यदि इस घटना का पता लग गया तो वे किसी दीन-दुखी पर विश्वास न करेंगे।''

(ख) ''अगर किसी लक्ष्य तक पहुँचने का पक्का इरादा कर लिया जाए तो चाहे वह कितना भी असंभव क्यों न हो, इनसान उसे हासिल कर ही लेता है।''

4. 'शहीद बकरी' कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए। 5

अथवा

'नीलकंठ' कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए।

खण्ड–ख

(पद्य–भाग)

5. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की मदद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×4=4

(सकल, खींचा–तानी, जगत, गगन)

(क) धरा एक है _____ एक है,

(ख) एक _____ के सब प्राणी।

(ग) एक _____ सृष्टि का स्रष्टा,

(घ) फिर कैसी _____।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) भारतीय मिट्टी को महान क्यों कहा गया है?

(ख) कवि ने किन तर्कों के आधार पर मानव–एकता की बात कही है?

(ग) धन पाकर अभिमान क्यों नहीं करना चाहिए?

(घ) बालक कृष्ण माता यशोदा से क्या शिकायत करते हैं?

(ङ) किन कारणों से सतपुड़ा के जंगल देखकर कँपकँपी छूट जाती है?

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग *100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''तन दें, मन दें, धन दें, इस माटी को
जो कुछ संभव, सब दें इस माटी को।
यह माटी, प्यारे भारत की माटी,
यह माटी, सारे भारत की माटी।
आओ,
इस माटी की तपन हरें हम।''

(ख) ''ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है,
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से ही पाया है।''

8. 'बाल-लीला' **अथवा** 'उद्यमी नर' शीर्षक कविता का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए। 5

खण्ड–ग

(संचयन)

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×4=8

(क) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

(ख) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(ग) हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

(घ) पीटी साहब की 'शाबाश' फौज के तमगों-सी क्यों लगती थी? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं?

10. 'मिथिलेश्वर' **अथवा** 'गुरदयाल सिंह' जी की जीवनी एवं उनकी साहित्यिक कृतियों के बारे में (लगभग *150* शब्दों में) लिखिए। 7

खण्ड–घ

(व्याकरण एवं रचना)

11. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : 1×5=5

(i) नमस्ते

(ii) मनोरथ

(iii) यशोदा

(iv) निराकार

(v) दुस्साहस

(vi) दुराग्रह

(vii) नीरोग

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के **दो–दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×4=4

(i) अग्नि

(ii) किनारा

(iii) ऐश्वर्य

(iv) घर

(v) पानी

(vi) पुत्र

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** अनेक शब्दों के बदले एक शब्द लिखिए : 1×4=4

(i) जहाँ जाना कठिन हो

(ii) जिसे जाना न गया हो

(iii) ईश्वर आदि को मानने वाला

(iv) देश से वस्तुओं का विदेश में जाना

(v) अपने घर से विदेश जाना

(vi) थोड़ा जानने वाला व्यक्ति

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** मुहावरों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×4=4

(i) अपने पैरों पर खड़ा होना

(ii) अंधे की लाठी

(iii) ईंट से ईंट बजाना

(iv) कमर कसना

(v) खालाजी का घर

(vi) घी के दीए जलाना

12. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 8

(क) भाग्य और पुरुषार्थ

(ख) नारी-शिक्षा

(ग) साक्षरता-अभियान

(घ) परोपकार

[FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT]

(*Marks* : 20)

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'हरिहर काका' कहानी के लेखक कौन हैं?

(ख) हरिहर काका ने कितनी शादी की थी?

(ग) फसल उगने पर सबसे पहले भेंट कहाँ चढ़ाया जाता था?

(घ) ठाकुरबारी के नाम कितने बीघे जमीन थे?

(ङ) गर्मी के दिनों में बच्चे कहाँ नहाते थे?

(च) 'रेल-बम्बा' किसका नाम था?

(छ) पीटी सर का पूरा नाम क्या था?

(ज) पीटी सर किससे मीठी-मीठी बातें करते थे?

(झ) इफ़्फ़न की दादी के पिता क्या थे?

(ञ) इफ़्फ़न के पिताजी क्या थे?

(ट) टोपी का पूरा नाम क्या था?

(ठ) टोपी के पिता किस नाम से जाने जाते थे?

14. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) चरवाहे ने कहाँ बकरियाँ चराना बंद कर दिया?

(ख) भेड़िया के मुँह किसका खून लग चुका था?

(ग) बाबा भारती कहाँ रहते थे?

(घ) 'हार की जीत' कहानी में डाकू का नाम क्या था?

(ङ) प्रति क्षण बाबा भारती को किसका भय लगा रहता था?

(च) धोखे और छल-प्रपंच से मिली जीत कैसी होती है?

(छ) तमिल भाषा में 'तिरु' शब्द का अर्थ क्या होता है?

(ज) तमिल भाषा के अनुसार 'कुरल' का अर्थ क्या है?

(झ) तिरुवल्लुवर की माँ किस जाति की थी?

(ञ) तिरुवल्लुवर के माता-पिता ने किस बात का व्रत ले रखा था?

(ट) विदेशी अतिथि ने 'परफैक्ट जेंटिलमैन' की उपाधि किसे दे डाली थी?

(ठ) गाछ के पत्ते किससे आहार ग्रहण करते हैं?

★★★